AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

कॉलेजों को आवंटित विषय के हिसाब से ही लेने होंगे दाखिले

विद्यार्थियों की मांग के आधार पर विषय का आवंटन करते हैं कॉलेज

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय इस साल कॉलेजों के दाखिलों में होने वाली मनमानी पर अंकुश लगाने की तैयारी कर रहा है। कॉलेजों को अब कुल सीट के साथ ही आवंटित विषय के हिसाब से भी दाखिले लेने होंगे। अभी तक कॉलेज मनमानी करते हुए सिर्फ विद्यार्थियों की मांग वाले विषयों में ही दाखिले ले लेते हैं। इसकी वजह से किसी क्लास में बहुत ज्यादा तो किसी में नाममात्र के विद्यार्थी रहते हैं।

लविवि, कॉलेजों को जब स्नातक स्तर पर बीए में मान्यता देता है तो उसमें एक साथ कई विषय होते हैं। इस लिहाज से हर विषय में बराबर विद्यार्थी होने चाहिए। यह संख्या प्रति विषय 60 से 80 विद्यार्थियों की होती है। इसी हिसाब से कॉलेज में शिक्षक और अन्य संसाधन की व्यवस्था होती है। इसके बावजूद आमतौर पर विद्यार्थियों में कुछ विषयों के लिए ज्यादा और कुछ की कम मांग होती है। ऐसे में प्रवेश परीक्षा या फिर मेरिट के आधार पर उनको विषय आवंटन होना चाहिए। जिन कॉलेजों में दाखिले का संकट होता है, वहां आवंटित विषयों की सीमा के बजाय वे विद्यार्थियों की मांग के हिसाब से दाखिला लेने लगते हैं। इसके चलते किसी क्लास में बहुत ज्यादा तो किसी में नाममात्र के विद्यार्थी ही रह जाते हैं।

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि लविवि प्रशासन इस बार इस पर सख्ती बरतने जा रहा है। इसके लिए सभी कॉलेजों को एक बार फिर से निर्देश जारी किया जाएगा। उनको सख्त निर्देश जारी होंगे कि एक विषय में निर्धारित संख्या से ज्यादा दाखिला लेने पर अतिरिक्त दाखिले निरस्त किए जाएंगे।

लविवि : कई पाठ्यक्रमों का रिजल्ट जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बहस्पतिवार को विभिन्न पाठ्यक्रमों के रिजल्ट जारी कर दिए। परीक्षा परिणाम लविवि की वेबसाइट पर मौजूद हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि एमए होम साइंस प्रथम सेमेस्टर, बीए-बीएससी योगा एनईपी के पहले और तीसरे सेमेस्टर, एमए-एमएससी योगा के पहले और तीसरे सेमेस्टर, पीजी डिप्लोमा योगा के पहले सेमेस्टर और एमए सांख्यिकी के पहले सेमेस्टर का परिणाम घोषित कर दिया गया है।

- इसके अलावा एमएससी सांख्यिकी पहले सेमेस्टर, एमए एमआईएच पहले सेमेस्टर, एमएससी बायोसैटिक्स पहले सेमेस्टर, एमबीए एंटरप्रेन्योरशिप एंड फैमिली बिजनेस के तीसरे सेमेस्टर, एमबीए फाइनेंस एंड कंट्रोल के तीसरे सेमेस्टर, एमबीए ह्यूमन रिसोर्स, तीसरे सेमेस्टर का रिजल्ट वेबसाइट पर देखा जा सकता है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि एमबीए मार्केटिंग ओल्ड तीसरे सेमेसटर, एमबीए मार्केटिंग तीसरे सेमेस्टर, एमबीए इंटीग्रेटेड बिजनेस, बीसीए पांचवे सेमेस्टर, बीएससी एनईपी पहले सेमेस्टर और एलएलबी थ्री इयर एनईपी के तीसरे सेमेस्टर का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

शिक्षिकाओं ने फैशन शो में दिखाई प्रतिभा

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में बृहस्पतिवार को महिला दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजन किए गए। महिला अध्ययन संस्थान एवं सांस्कृतिकी की ओर से मालवीय सभागार में आयोजित फैशन शो में महिला शिक्षकों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस मौके पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व उनकी माता राजेश्वरी राय और विश्वविद्यालय के सभी विभागों की समस्त महिला संकाय सदस्यों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन किया गया। संचालन महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक डॉ. मानिनी श्रीवास्तव और सांस्कृतिकी की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने किया। समाज कार्य विभाग में भी कार्यरत महिला शिक्षकों शोधार्थियों को सम्मानित किया गया।

लविवि फैशन शो में मौजूद शिक्षिकाएं। - संवाद

लविवि की शिक्षिका को वूमेन रिसर्च ग्रांट

लखनऊ। लविवि की प्राणि विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आकांक्षा शर्मा को एसईआरबी द्वारा वर्ष 2024 की प्रतिष्ठित वूमेन एक्सीलेंस रिसर्च ग्रांट प्रदान की गई है। यह ग्रांट इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी के युवा वैज्ञानिक पदकधारियों को प्रदान की जाती है। डॉ. शर्मा को वर्ष 2023 में आईएनएसए युवा वैज्ञानिक पदक भी मिला था। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि को मिले स्ट्रेचर व व्हीलचेयर

लखनऊ। हरिओम सेवा केंद्र की ओर से बृहस्पतिवार को दो व्हीलचेयर और दो स्ट्रेचर दान में दिए गए। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इसके लिए संस्था के अध्यक्ष अनिल रस्तोगी को धन्यवाद दिया। (माई सिटी रिपोर्टर)

पुरस्कार वितरण संग ग्रेविटास संपन्न

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग में चल रहे सांस्कृतिक और शैक्षिक आयोजन ग्रेविटास 3.0 का बृहस्पतिवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। विभाग प्रमुख प्रो. संगीता साहू ने विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। (माई सिटी रिपोर्टर)

व्यापारियों ने किया सम्मान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने संगठन की छह महिला पदाधिकारियों को सम्मानित किया। अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में व्यापार एवं उद्योग के क्षेत्र में महिलाओं की संख्या में 30 गुना वृद्धि हुई है। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 5

ABC, APAAR आईडी के बिना नहीं दे सकेंगे परीक्षा

LU: परीक्षा नियंत्रक ने सभी संबद्ध कॉलेजों को दिए निर्देश

■ एनबीटी सं., लखनऊ

एलयू में एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी) और ऑटोमेटेड पेमेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री (एपीएएआर) आईडी के बिना परीक्षा फॉर्म जारी नहीं किए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक ने इसे लेकर सभी संबद्ध कॉलेजों को पत्र जारी कर दिया है।

एलयू वीसी प्रो.आलोक कुमार राय ने बताया कि सेमेस्टर परीक्षाओं में शामिल होने के लिए एबीसी आईडी जरूरी कर दी गई है। उच्च शिक्षा मंत्रालय के आदेश के तहत संबद्ध संस्थानों को स्टूडेंट्स की एबीसी और एपीएएआर आईडी बनवाने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि दोनों आईडी के बिना परीक्षा फॉर्म जारी नहीं होंगे और स्टूडेंट्स परीक्षा भी नहीं दे सकेंगे। गौरतलब है कि एलयू से लखनऊ सहित रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर और हरदोई के 556 कॉलेज संबद्ध हैं।

नए स्टूडेंट्स की आईडी बनी: एलयू ने सत्र 2023-24 में प्रवेश लेने वाले स्टूडेंट्स की एबीसी और एपीएएआर आईडी एलयूआरएन के साथ ही क्रिएट कर दी थी। 40 हजार से अधिक स्टूडेंट्स की एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स एबीसी और एपीएएआर आईडी बन भी चुकी है। बाकी स्टूडेंट्स की आईडी बनने का काम चल रहा है। एबीसी आईडी में ग्रेजुएशन के लिए 3 से 4 साल के आधार पर डॉक्यूमेंटेशन रखा गया है। एक साल पर सर्टिफिकेट, 2 साल पर एडवांस डिप्लोमा, 3 साल पर ग्रेजुएट डिग्री और 4 साल के बाद रिसर्च संग ग्रेजुएशन की डिग्री मिलेगी। एबीसी में स्टोर क्रेडिट की अधिकतम लाइफ 7 साल होगी। एबीसी पर स्टूडेंट्स के रजिस्ट्रेशन के बाद एक स्पेशल आईडी और स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) का पालन करना होगा।

AI Image



NBT Lens समझिए खबरों के अंदर की बात

नई व्यवस्था की जरूरत आखिर क्यों?

नई शिक्षा नीति के तहत कई बदलाव हुए हैं। इनमें एक प्रमुख यह है कि स्टूडेंट के पढ़ाई छोड़ने पर सारी मेहनत खराब न हो। एक साल पर पढ़ाई छोड़ने पर सर्टिफिकेट, 2 साल पर एडवांस डिप्लोमा, 3 साल पर ग्रेजुएट डिग्री और 4 साल के बाद रिसर्च संग ग्रेजुएशन की डिग्री दी जाएगी। इतना ही नहीं नई शिक्षा नीति के तहत क्रेडिट सिस्टम भी बनाया गया है। सिस्टम बनाने का मकसद है कि लेटरल एंट्री और लेटरेल एग्जिट में प्रयोग किया जा सके। क्रेडिट के आधार पर स्टूडेंट दूसरे संस्थान में प्रवेश ले सकते हैं। दूसरा संस्थान पुराने संस्थान के क्रेडिट जोड़ लेगा और स्टूडेंट जहां तक पढ़ा है उसके आगे से पढ़ाई शुरू कर सकेगा। क्रेडिट्स का रेकॉर्ड एबीसी में होने से संस्थान क्रॉस चेक भी कर सकेंगे।

LU: मतदान के लिए किया जागरूक

■ एनबीटी सं., लखनऊः एलयू में एनएसएस ने गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। समाजशास्त्र एचओडी प्रो. डीआर साहू के उद्घाटन के बाद रजिस्ट्रार डॉ. विनोद सिंह ने स्टूडेंट्स से शत-प्रतिशत मतदान की अपील की। इस मौके प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी, समाजशास्त्र की डॉ. सुषमा मिश्रा और पत्रकारिता विभाग के प्रो. मुकुल श्रीवास्तव समेत कई शिक्षक व स्टूडेंट्स मौजूद रहे।

हरिओम सेवा केंद्र ने दीं वील चेयर, स्ट्रेचर

■ एनबीटी सं., लखनऊः एलयू के आरोग्य भवन को हरिओम सेवा केंद्र ने दो व्हील चेयर और दो स्ट्रेचर दिए हैं। केंद्र के अध्यक्ष और वरिष्ठ रंगकर्मी फिल्म डॉ. अनिल रस्तोगी ने वीसी प्रो. आलोक कुमार राय की मौजूदगी में वील चेयर व स्ट्रेचर सौंपे। इस मौके पर वीसी ने डॉ. रस्तोगी को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिलने पर बधाई भी दी।

लखनऊ विश्वविद्यालय से छात्र संगठन तक स्त्री शक्ति

छात्र कल्याण से सीधे जुड़ीं हैं प्रो. संगीता साहू

एलयू के व्यापार प्रशासन विभाग की हेड प्रो. संगीता साहू के पास अधिकांश छात्र कल्याण, आईक्यूएसी निदेशक पद की जिम्मेदारी है। वह छात्रों से जुड़ी छात्र कल्याण, कर्मयोगी और कर्मादय योजनाओं का संचालन कर रही हैं।

प्रो. गीतांजलि मिश्रा बनातीं हैं नए अध्यादेश

एलयू के प्राणीशास्त्र विभाग में गीतांजलि मिश्रा कई अहम पदों पर आसीन हैं। उनके पास अतिरिक्त अकादमिक, उपक्रम के महानिदेशक और एनईपी समन्वयक जैसा प्रमुख पद है। वह नए अध्यादेशों को बनाती हैं।

कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन करती हैं प्रो. मधुरिमा

वाणिज्य संकाय की वरिष्ठ शिक्षिका प्रो. मधुरिमा लाल के पास सांस्कृतिकी और नेटल प्लेसमेंट सेल के निदेशक पद की भी जिम्मेदारी है। प्रो. लाल की अगुवाई में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होती हैं। बीते महीनों में स्थापना दिवस, दीक्षांत समारोह और एनएसआईएल 2024 में गीत, गायन, नृत्य की प्रस्तुतियां उनके मार्गदर्शन में हुईं। इसके अलावा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन करती हैं।

नई नियुक्तियों के चयन में प्रो. मनुका की भूमिका

एलयू राजनीति विज्ञान विभाग की हेड प्रो. मनुका खन्ना के पास दायित्व रिक्रूटमेंट एंड असेसमेंट सेल का दायित्व है। वह डीन पद पर कार्यरत हैं। प्रो. खन्ना की भूमिका नई नियुक्तियों के चयन में अहम होती है।

100 करोड़ दिलाने में प्रो. केया का खास रोल

एलयू के मानवशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. केया पांडेय की तैनाती पीएम-ऊषा, समन्वयक पद पर भी है। विवि को पीएम-ऊषा योजना के जरिए 100 करोड़ रुपये मिलने में उनकी अहम भूमिका मानी जा रही है।

डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज सुलझाती हैं सारी समस्याएं

एलयू के संस्कृत विभाग की शिक्षिका डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज के पास एबीवीपी महानगर अध्यक्ष पद का दायित्व है। वह विश्वविद्यालय में छात्रों की इकाई संग समन्वय स्थापित कर उनसे जुड़ी समस्याओं का निराकरण करती हैं। उनका मानना है कि छात्र निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका होती है। इसके अलावा वह युवाओं को धर्म और अध्यात्म के रास्ते पर चलकर आधुनिकता का पाठ पढ़ाना ही ध्येय है।

HINDUSTAN PAGE 7

परीक्षा नियंत्रक ने सभी संबद्ध कॉलेजों को पत्र जारी किया

एलयू में बिना एबीसी आईडी नहीं भर सकेंगे परीक्षा फॉर्म

परीक्षा

556 संबद्ध कॉलेजों के लाखों छात्रों पर लागू होगी यह व्यवस्था

■ सभी कॉलेजों के लिए एबीसी और एपीएएआर आईडी का बनवाना हुआ अनिवार्य

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी) और ऑटोमेटेड पेमेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री (एपीएएआर) आईडी न होने पर परीक्षा फॉर्म नहीं जारी किए जाएंगे। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक ने सभी संबद्ध कॉलेजों को पत्र जारी कर दिया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि सेमेस्टर परीक्षाओं में शामिल होने के लिए एबीसी आईडी को जरूरी कर दिया गया है। उच्च शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के आदेश के तहत संबद्ध संस्थानों को विद्यार्थियों की एबीसी और एपीएएआर आईडी बनवाने के लिए पत्र लिखा गया।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि आईडी न होने की स्थिति में सम सेमेस्टर के लिए परीक्षा फॉर्म जारी नहीं किए जाएंगे। जिसके चलते छात्रों को परीक्षा नहीं दे सकेंगे।

इस बाबत परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि एलयू से लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर और हरदोई जिले के 556 कॉलेज संबद्ध हैं। जानकारी के अनुसार बता दें कि सभी कॉलेजों को एबीसी और एपीएएआर आईडी बनवानी है।

PIONEER PAGE 4

महिला दिवस के उपलक्ष्य में छात्रों को मिला विभागाध्यक्ष का दायित्व

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बी.पी.एड.की छात्रा आकांक्षा भदोरिया को शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया।

इस अवसर पर डॉ अल्का जैन स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा सर्वाइकल कैंसर पर कार्यशाला को संबोधित किया गया। जिसमें उन्होंने छात्र एवं छात्राओं से इस रोग के विषय में चर्चा करी साथ ही उन्होंने इसके कारण, इलाज और उपाय भी बताएं। इसी अवसर पर छात्र एवं छात्राओं ने हस्ताक्षर अभियान, पोस्टर एवं फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभा किया फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में बी.पी.एड. की छात्रा प्रिया देवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं पोस्टर मेकिंग में मारिया खातून ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान बीपीएड के छात्र विपिन चंद ने प्राप्त किया। साथ ही विभागाध्यक्ष ने छात्र एवं शिक्षकों के बीच हर शनिवार को विचार विमर्श और वाद-विवाद चर्चाओं का आदेश दिया। उसके बाद विभागाध्यक्ष ने शिक्षकों एवं शोध छात्रों की बैठक कर शैक्षिक गतिविधियों पर चर्चा की इस कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ रुपेश कुमार, डॉ मोहम्मद तारिक, डॉ. शशी कनौजिया, डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. अवधेश कुमार शुक्ला फैमिली प्लैनिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कार्यक्रम अधिकारी कमल खान, सौम्या सिंह ,राघवेंद्र सिंह, अक्षय सिंह एवं विभाग के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

i-NEXT PAGE 4

वोकेशनल कोर्सेज का चयन 14 तक कर सकेंगे

हर विद्यार्थी को किसी एक वोकेशनल कोर्स का चयन करना है

LUCKNOW (7 MARCH): लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक विज्ञान संकाय के दूसरे व चौथे सेमेस्टर के स्टूडेंट्स को वोकेशनल कोर्सों के चयन के लिए अब 14 मार्च तक एक और मौका दिया है. दूसरे व चौथे सेमेस्टर के जिन स्टूडेंट्स को यह विषय आवंटित नहीं हुआ है या फिर चयन नहीं कर पाए, उन्हें अनिवार्य रूप से करना होगा. इन कोर्सों की सूची विश्वविद्यालय के यूडीआरसी पोर्टल पर दी गई है. हर विद्यार्थी को किसी एक वोकेशनल कोर्स का चयन करना है. इस संबंध में विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रोफेसर शीला मिश्रा ने बताया कि दूसरे सेमेस्टर में पांच और चौथे सेमेस्टर में छह कोर्स बचे हैं. यदि विषय चयन में कोई समस्या आती है तो यूडीआरसी पोर्टल के कम्प्यूटर सेंटर ईचार्ज से विद्यार्थी संपर्क कर सकते हैं. गुरुवार को नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है.

AMRIT VICHAR PAGE 4

रंगकर्मी ने विवि को दी व्हील चेयर और स्ट्रेचर

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के बॉयोकेमिस्ट्री डिपार्ट के एल्युमिनाई एसोसिएशन अध्यक्ष और वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. अनिल रस्तोगी ने विवि को दो व्हील चेयर और दो स्ट्रेचर दान किए। इस दौरान कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय सहित अन्य उपस्थित रहे। बता दें कि डॉ. रस्तोगी को बीते दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

ऑप्टिक्स और फोटोनिक्स पर होगी संगोष्ठी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय का भौतिकी विभाग ऑप्टिक्स और फोटोनिक्स पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित करने जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीएसआईआर–सीएसआईओ चंडीगढ़ के पूर्व निदेशक आईआईटी कानपुर के प्रो. एस. अनंत रामकृष्णा द्वारा दिए गए उद्घाटन व्याख्यान से होगा।

छात्रा को मिली विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में बीपीएड की छात्रा आकांक्षा भदोरिया को शारीरिक शिक्षा विभाग में विभागाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इस अवसर पर स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा सर्वाइकल कैंसर पर कार्यशाला को संबोधित किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अलका जैन द्वारा छात्र एवं छात्राओं से इस रोग के विषय में चर्चा की। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. रुपेश कुमार, डॉ. मोहम्मद तारिक, डॉ. शशी कनौजिया, डॉ. संजय श्रीवास्तव सहित छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

ग्रैविटास में समस्याओं के निकले हल

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में ग्रैविटास कार्यक्रम के दौरान सम्मिलित प्रतिभागियों की समस्याओं का समाधान हुआ। कार्यक्रम में प्रतिभागियों का मूल्यांकन समस्या की पहचान, समाधान की विशिष्टता और प्रस्तुत करने की क्षमता जैसी विशेषताओं को आधार बनाया गया, जिसमें शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समय की कमी के तहत छात्रों के संचार और रचनात्मकता में सुधार करना था। विवि समुदाय ने ग्रेविटास 3 पर चर्चा की गई। इस दौरान कौशल, विशिष्टता और बौद्धिक ऊर्जा का प्रदर्शन भी किया गया।

विषम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित हो गया है। घोषित परिणामों में एमए, बीए(योगा), एमए, एमएससी, पीजी डिप्लोमा शामिल है। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि परीक्षाफल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

प्रोफेसर को मिली एक्सीलेंस रिसर्च ग्रांट

अमृत विचार, लखनऊ : लविवि की डॉ. आकांक्षा शर्मा को एस ई आर बी द्वारा वूमेन एक्सीलेंस रिसर्च ग्रांट प्रदान की गई है। डॉ. शर्मा विवि के प्राणि विज्ञान विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। ये ग्रांट आई एन एस ए (इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी) के युवा वैज्ञानिक पदक धारियों को प्रदान की जाती है।

TOI PAGE 3

LU celebrates with vibrant programme

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: The Institute of Women's Studies (IWS), in collaboration with Sanskritiki, the cultural arm of Lucknow University, organised a vibrant programme to celebrate International Women's Day under the patronage of vice-chancellor Professor Alok Kumar Rai.

The event, coordinated by Dr Manini Srivastava (coordinator, Women's Studies Centre) and Prof Madhurima Lall (director, Sanskritiki), commenced with the ceremonial lighting of the lamp by Prof Rai. He was accompanied by his mother and women faculty from various departments.

Prof Rai lauded women as the driving force behind societal change, commending their exceptional achievements across diverse fields. He laid emphasis on the significance of celebrating womanhood with fervor and pride.

Rajeshwari Rai, mother of LU VC Prof Alok Kumar Rai, at the event

The festivities began with a captivating dance performance by women faculty members from different departments, beautifully encapsulating the various facets of womanhood. This was followed by a thought-provoking skit presented by the IWS faculty, highlighting pivotal issues faced by women. The programme reached its peak with "Bahuorang," a mesmerising fashion show that showcased the multifaceted talents and elegance of the women faculty.

एलयू में महिला संकाय सदस्यों ने मनाया महिला दिवस

लखनऊ, लोकसत्य

लखनऊ विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो आलोक कुमार राय के संरक्षण, के महिला अध्ययन संस्थान एवं संस्कृतिकी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य कार्यक्रम हुआ।

संचालन महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक डॉ. मानिनी श्रीवास्तव और सांस्कृतिकी की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने किया। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय अथवा उनकी माताजी और विश्वविद्यालय के सभी विभागों की समस्त महिला संकाय सदस्यों की मौजूदगी में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। विभिन्न विभागों से संबंधित हमारी सम्मानित महिला प्रोफेसरों ने नव दुर्गा का प्रदर्शन किया। महिला अध्ययन संस्थान के संकाय ने लघु नाटिका प्रदर्शन किया। समापन फैशन शो के साथ हुआ जिसमें महिला संकाय ने बड़ी ही सहजता और सुंदरता से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। संकाय और कर्मचारियों को उपहार वितरण के साथ हुआ।

LOKSATYA PAGE 3

चर्चा | अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में पैनल चर्चा

महिलाओं को सशक्त बनाना, मानवता को सशक्त बनाना

आयोजन

- विधिक सहायता केंद्र लखनऊ विश्वविद्यालय, नवीन परिसर में हुआ कार्यक्रम

लखनऊ, लोकसत्य

लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की प्रतिष्ठित संस्था विधिक सहायता केंद्र व जिला विधिक प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में पैनल चर्चा हुई।

जिसका विषय महिलाओं को सशक्त बनाना, मानवता को सशक्त बनाना था। नवीन परिसर, विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. नीदी सिंह व विधिक सहायता केन्द्र के अध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार यादव के मार्गदर्शन में हुआ। संयोजक असिस्टेंट प्रो सोनाली रॉय चौधरी थीं। मुख्य अतिथि डॉ. अभिषेक कुमार तिवारी (अतिरिक्त अधिष्ठाता, छात्र कल्याण संघ), डॉ आर. के. सिंह (निदेशक, लखनऊ विश्वविद्यालय नवीन परिसर) व अल्पना शुक्ला (विधि अधिकारी, उत्तर प्रदेश मानव अधिकार आयोग), तरु सक्सेना (प्रबंध निदेशक, सेंट अंजनी पब्लिक स्कूल), रेनू मिश्रा (कार्यकारी निदेशक, एसोसिएशन ऑफ एडवोकेटो एट पंजीयत इलिसिटर्स) के पैनलिस्ट ने चर्चा की। शिवांगी सिंह व ईरा उपाध्याय ने उपस्थित पैनलिस्ट एवं छात्र छात्राओं को विधिक सहायता केंद्र के बारे में जानकारी दी।

रेनू मिश्रा ने महिलाओं के सम्मान का अधिकार, महिलाओं के संघर्ष का अधिकार, बताकार, पोषू हिंसा आदि विषयों पर चर्चा की। उन्होंने पूछा कि दर्शकों में ऐसे कौन से पुरुष हैं जो प्रगतिशील हैं, इसके उत्तर में पुरुषों में से लगभग 35 से 40 पुरुषों ने हाथ उठाकर कहा कि वे प्रगतिशील हैं, और जब यही प्रश्न महिलाओं से किया गया तब उनमें से लगभग 50 से 55 महिलाओं ने बताया कि वह प्रगतिशील हैं। इस प्रश्न के पीछे यह कारण था कि वह समाज में कितना आगे बढ़ रहे हैं। सोनाली रॉय चौधरी ने यह प्रश्न किया कि विधिक क्षेत्र में महिलाओं की क्या भूमिका है। इस प्रश्न का उत्तर देते हुए अल्पना शुक्ला ने बताया कि वार काउंसिल में महिलाओं के लिए उचित पर्यावरण नहीं है। हमारा समाज यह सोचता है कि किस प्रकार महिलाएं विधिक प्रशिक्षण को सफल बनाएंगे। रेनू मिश्रा ने बताया कि आज की विचाधारा से खेप और परंपराओं का निर्माण होता है।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 4

डॉ. आकांक्षा शर्मा को मिली ग्रांट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की प्राणि विज्ञान विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ आकांक्षा शर्मा को वर्ष 2024 की प्रतिष्ठित वूमेन एक्सीलेंस रिसर्च ग्रांट एसईआरबी की ओर से दी गयी है। यह ग्रांट आईएनएसए (इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी) के युवा वैज्ञानिक पदकधारियों को दी जाती है। डॉ शर्मा को वर्ष 2023 में प्रतिष्ठित आईएनएसए युवा वैज्ञानिक पदक भी प्राप्त हुआ है।